# पुलिस ने गांजा और कार जब्त की

**हरदा, 22 अप्रैल. सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने अवैध गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने उनके कब्जे से 2 किलो से अधिक गांजा और एक कार सहित करीब 8.30 लाख रुपए की सामग्री जब्त की है.**



पुलिस को मुखबिर से ग्राम रन्हाई में गांजे के अवैध कारोबार की सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर दबिश देकर पुलिस ने रन्हाई निवासी अखिलेश पिता रामकृष्ण पटवारे (45) को गिरफ्तार किया. उसके पास से 1 किलो 71 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत करीब 15 हजार रुपए आंकी गई. कोतवाली थाना प्रभारी रोशन लाल भारती ने बताया कि पूछताछ में आरोपी अखिलेश ने खुलासा किया कि वह गांजा नर्मदापुरम जिले के शिवपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अर्चनागांव निवासी संतोष पिता भारतसिंह कीर (34) से खरीदकर लाया था. इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अबगांवखुर्द के पास फोरलेन रोड पर घेराबंदी की और संतोष कीर को उसकी कार सहित पकड़ लिया. तलाशी के दौरान उसके पास से 1 किलो 138 ग्राम गांजा बरामद हुआ. पुलिस के अनुसार संतोष के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है.

पुलिस ने दोनों आरोपियों से कुल 2 किलो 209 ग्राम गांजा और एक सफेद हुंडई कार (कीमत करीब 8 लाख रुपए) जब्त की. दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया. कार्रवाई में कोतवाली थाना हरदा पुलिस टीम की अहम भूमिका रही.

# नारी शक्तिवंदन पखवाडा के अंतर्गत प्रदर्शनी

**पिपरिया, 22 अप्रैल. जिलें में नारी शक्तिवंदन पखवाड़ा के अंतर्गत शहीद भगतसिंह पीजी कॉलेज परिसर में एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्राओं और विद्यार्थियों में नारी शक्ति के प्रति सम्मान, जागरूकता और रचनात्मकता को बढ़ावा देना रहा. इसमें लगभग 65 विद्यार्थियों ने भाग लिया और नारी सशक्तिकरण पर आधारित पोस्टर, पेंटिंग और कलात्मक प्रस्तुतियां प्रदर्शित कीं.**



प्रदर्शनी में महिला शिक्षा, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, ऐतिहासिक महान महिलाओं का योगदान और सामाजिक जागरूकता जैसे विषय प्रमुख रहे. कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजीव माहेश्वरी ने कहा कि नारी समाज की आधारशिला है और उसके बिना समाज का समग्र विकास संभव नहीं है. उन्होंने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया. आयोजन समिति के सदस्य डॉ. अंबिका सिंह ने कहा कि इस पखवाड़े का उद्देश्य समाज में नारी के प्रति सम्मान और समानता की भावना विकसित करना है.

## एक नजर में




### भाजपा को महिलाओं की विरोधी पार्टी बताया

**इटारसी, 22 अप्रैल.** कांग्रेस नेत्री अजीता बाजपेई पाण्डेय ने भाजपा पर महिलाओं को लेकर गंभीर आरोप लगाए. पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं को केवल वोटबैंक के रूप में इस्तेमाल करती है और चुनाव के समय ही उनकी याद आती है. उन्होंने यह भी दावा किया कि देश के कई राज्यों में चल रहे चुनावों के बीच केंद्र सरकार द्वारा महिला संबंधी कानून संसद में लाया गया था, लेकिन विपक्ष की एकजुटता के कारण वह पारित नहीं हो सका. पाण्डेय ने आगे कहा कि भाजपा महिलाओं को अधिकार देने का केवल दिखावा करती है, जबकि वास्तविक रूप से महिलाओं को अधिकार देने का कार्य कांग्रेस ने किया है. उन्होंने यह भी टिप्पणी की कि भाजपा के झूठ का अब पर्दाफाश हो चुका है और महिलाएं अब किसी के बहकावे में नहीं आने वाली हैं. साथ ही उन्होंने दावा किया कि आगामी समय में केंद्र और प्रदेश में भाजपा एक बार फिर पूर्ण बहुमत से सत्ता में वापसी कर सकती है.



### छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुण

**नर्मदापुरम्, 22 अप्रैल.** माखन नगर स्थित श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत नारी शक्ति बंधन पखवाड़े के द्वितीय चरण में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में छात्राओं को जूडो और कराटे की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे वे आत्मरक्षा के प्रति जागरूक और सक्षम बन सकें. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र सिंह चौहान ने छात्राओं को जूडो की मूल तकनीकों की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि जूडो में तीन प्रमुख चरण होते हैं—कुजुशी (संतुलन बिगाड़ना), त्सुकुरी (सही स्थिति बनाना) और काके (तकनीक को पूरा करना). उन्होंने यह भी बताया कि जूडो में कुल 100 तकनीकें होती हैं, जिनमें 68 फेंकने की और 32 जमीनी तकनीकें शामिल हैं. साथ ही कराटे के नियमों पर भी प्रकाश डाला गया. इसमें डोजो कुन के पाँच मूल सिद्धांत—चरित्र विकास, वफादारी, उत्कृष्टता, सम्मान और हिंसा से बचाव की जानकारी दी गई. कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को शारीरिक रूप से मजबूत बनाना और आत्मरक्षा के प्रति आत्मविश्वास बढ़ाना रहा.




### महिलाओं ने जन आक्रोश पदयात्रा निकाली रैली

**नर्मदापुरम, 22 अप्रैल.** जिलें में बुधवार को महिलाओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए 'जन आक्रोश महिला पदयात्रा' निकाली. यह पदयात्रा भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित की गई. हरियाली चौक पर बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्रित हुईं और इंडिया अलायंस के खिलाफ नारेबाजी की. यह प्रदर्शन नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2026 को लेकर विपक्ष के रुख के विरोध में किया गया. महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर पदयात्रा निकाली और विपक्ष पर बिल में बाधा डालने का आरोप लगाया. इस दौरान प्रीति शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा लाया गया यह बिल महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन विपक्ष इसे रोकने का प्रयास कर रहा है. उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं अब जागरूक हैं और अपने अधिकारों के लिए आवाज उठा रही हैं.

# जलती एंबुलेंस से मरीज को सुरक्षित बचाया

**▸ पुलिस की सतर्कता से टला बड़ा हादसा**

**नर्मदापुरम , 22 अप्रैल. नर्मदापुरम-हरदा स्टेट हाईवे पर सांवलखेड़ा के पास बुधवार सुबह एक एंबुलेंस में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई. एंबुलेंस में ऑक्सीजन सपोर्ट पर एक मरीज मौजूद था, जिससे स्थिति बेहद गंभीर हो गई थी और किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता था.**



एंबुलेंस स्टाफ ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए तुरंत वाहन को रोका और सबसे पहले मरीज तथा ऑक्सीजन सिलेंडर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया.

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई. पुलिसकर्मियों ने बिना समय गंवाए राहत कार्य शुरू किया और पास के पेट्रोल पंप से फायर एक्सटिंग्विशर लाकर आग बुझाने का प्रयास किया. उनकी तेजी और साहस के कारण आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया. इसके बाद पुलिस और स्टाफ ने मिलकर मरीज को सुरक्षित वाहन में शिफ्ट किया और तुरंत दूसरी 108 एंबुलेंस की व्यवस्था कर उसे नर्मदापुरम अस्पताल रवाना किया. इस पूरे घटनाक्रम में पुलिस और एंबुलेंस कर्मियों की सतर्कता, समझदारी और मानवता के कारण एक संभावित बड़ा हादसा टल गया और एक कीमती जान बचाई जा सकी.

## जनसुनवाई में आये एक दर्जन से अधिक आवेदन

**पिपरिया, 22 अप्रैल.** तहसील में आयोजित जनसुनवाई में एक दर्जन से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर एसडीएम ने संबंधित विभागों को जांच कर समय पर निराकरण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए. जनसुनवाई में विभिन्न समस्याएं सामने आईं. व्ही.वी. गिरि वार्ड के गोपाल प्रसाद चौबे ने जेटपंप के उपयोग और कुछ व्यक्तियों द्वारा शराब के नशे में डराने-धमकाने की शिकायत की. वहीं सेमरीरंधीर की अंगूरीबाई ने पटवारी द्वारा सीमांकन न किए जाने की शिकायत दर्ज कराई, जबकि लोक सेवा केंद्र में आवेदन दिए जाने के बावजूद कार्रवाई लंबित बताई गई. तड़ा क्षेत्र की रामकुमारी बाई ने जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत की. पुराने गल्ला बाजार क्षेत्र में यश बैंक के पास लगे हैंडपंप से दूषित पानी आने और गर्मी में पेयजल संकट की समस्या भी उठाई गई.

# जनगणना 2026-27 में 33 प्रकार के सवाल पूछे जाएंगे

**पिपरिया, 22 अप्रैल. जिलें में जनगणना 2026-27 की तैयारियों के तहत कर्मचारियों को व्यापक प्रशिक्षण दिया जा रहा है. इस प्रशिक्षण में बताया गया कि इस बार जनगणना में कुल 33 प्रकार के सवाल पूछे जाएंगे, जो मकान, परिवार, सुविधाओं, डिजिटल संसाधनों, वाहनों और अन्य सामाजिक-आर्थिक जानकारी से जुड़े होंगे.**

प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि तहसील क्षेत्र में 147 ग्राम और पचमढ़ी सहित कुल 148 क्षेत्र शामिल हैं. हल्का पटवारी और ग्राम सचिव की टीम बनाकर प्रत्येक गांव में मकानों की नंबरिंग और अनुमानित जनसंख्या का आकलन किया गया है. इसके आधार पर एचएलबी (हाउस लिस्टिंग ब्लॉक) तैयार की गई है, जिसमें पिपरिया क्षेत्र में कुल 272 एचएलबी बनाई गई हैं.

लगभग 800 जनसंख्या पर एक प्रगणक और पांच प्रकरणों पर एक सुपरवाइजर नियुक्त किया गया है. कुल 198 प्रगणक (10% रिजर्व सहित) और 37 सुपरवाइजर (10% अतिरिक्त सहित) तैनात किए गए हैं. वैभव बैरागी और जनगणना प्रभारी नायब तहसीलदार मनोज नामदेव ने बताया कि 1 मई से प्रगणक फील्ड में जाकर मकान सूचीकरण और गणना कार्य शुरू करेंगे, जो एक माह तक चलेगा. इसके साथ ही 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्वगणना अभियान भी जारी है.

## विधायक के सहयोग से कोर्ट परिसर में ट्यूबवेल शुरू, जल संकट से राहत

**इटारसी, 22 अप्रैल.** जिले के न्यायालय परिसर में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का समाधान अब हो गया है. गर्मी के मौसम में वकीलों, न्यायालय कर्मचारियों और आम लोगों को पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ता था, जिससे काफी असुविधा होती थी. इस समस्या के समाधान के लिए अधिवक्ता संघ इटारसी ने पहल की और स्थानीय विधायक डॉ. सीतासरन शर्माके सहयोग से परिसर में ट्यूबवेल स्थापित कराया गया. ट्यूबवेल शुरू होने के बाद अब न्यायालय परिसर में पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध होने लगा है.

# पृथ्वी को बेहतर बनाने का संकल्प के साथ मनाया दिवस

**नर्मदापुरम , 22 अप्रैल. जिले के ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल में पृथ्वी दिवस उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत रामायण हॉल में प्रार्थना सभा से हुई, जहां विद्यार्थियों ने नर्मदाष्टक का सामूहिक पाठ किया और एक्शन सॉन्ग प्रस्तुत कर वातावरण को ऊर्जा से भर दिया.**




इस अवसर पर बच्चों को बायोडिग्रेडेबल और नॉन-बायोडिग्रेडेबल वस्तुओं के बीच अंतर समझाया गया. एक रोचक गतिविधि में विद्यार्थियों ने प्रतीकात्मक रूप से पृथ्वी की सफाई करते हुए प्लास्टिक कचरे को हटाया और उसकी जगह पौधे तथा पुनः उपयोग योग्य वस्तुओं को सजाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चे पृथ्वी, फल, फूल और प्रकृति के विभिन्न रूपों में सजे नजर आए, जिसने सभी का मन मोह लिया. एक शिक्षाप्रद वीडियो के माध्यम से ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण और ऊर्जा संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सरल और प्रभावी ढंग से समझाया गया. विद्यार्थियों ने अपने विचार, नारे और संदेश प्रस्तुत कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाई.

प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी ने 'मैं जमूरा, तू मदारी' नाटक के जरिए पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया और सभी को जल व बिजली बचाने, प्लास्टिक से दूरी बनाने तथा ट्रिपल आर (रिड्यूस, रीयूज, रीसायकल) अपनाने का संकल्प दिलाया. अंत में बच्चों ने 'सेव अर्थ' पोस्टर बनाकर कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक समापन किया.

## फोन घुमाओ, मतदान प्रतिशत बढ़ाओ

**नर्मदापुरम, 22 अप्रैल.** स्वीप आइकॉन में सारिका घारू ने पश्चिम बंगाल में 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए विशेष अपील जारी की है. उन्होंने नागरिकों से कहा कि वे अपने वहां रहने वाले रिश्तेदारों और परिचितों को फोन कर मतदान के लिए प्रेरित करें. 'फोन घुमाओ, मतदान प्रतिशत बढ़ाओ' अभियान के तहत उन्होंने हर वोट की अहमियत पर जोर दिया. सारिका घारू ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का मतदान करना जरूरी है. उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अपने मित्रों और परिजनों को मतदान के दिन अपने मताधिकार का उपयोग करने की याद दिलाएं.

# स्व-गणना प्रक्रिया में ओबीसी वर्ग हेतु पृथक विकल्प उपलब्ध

**हरदा, 22 अप्रैल. विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने स्व-गणना प्रक्रिया में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए पृथक विकल्प उपलब्ध कराने की मांग उठाई है. उन्होंने इस संबंध में भारत के प्रधानमंत्री, रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त, गृह मंत्रालय, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, नर्मदापुरम संभाग आयुक्त एवं हरदा कलेक्टर को पत्र भेजा है.**

पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि केंद्र सरकार द्वारा देशभर में स्व-गणना की प्रक्रिया संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य सटीक और पारदर्शी जनसंख्या आंकड़ों का संकलन करना है. लेकिन वर्तमान में उपयोग किए जा रहे सॉफ्टवेयर या पोर्टल में सामाजिक वर्ग के विवरण हेतु केवल अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य का विकल्प दिया गया है,



जबकि ओबीसी वर्ग के लिए अलग से कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है. विधायक डॉ. दोगने का कहना है कि ओबीसी वर्ग देश की जनसंख्या का एक बड़ा और महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए उनकी अलग से गणना न होना आंकड़ों की सटीकता को प्रभावित कर सकता है. इससे सामाजिक न्याय की अवधारणा और शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी असर पड़ सकता है. उन्होंने मांग की है कि संबंधित विभाग को निर्देशित कर स्व-गणना सॉफ्टवेयर या पोर्टल में ओबीसी वर्ग के लिए पृथक विकल्प जल्द से जल्द जोड़ा जाए.

## श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया आदि गुरु शंकराचार्य जयंती महोत्सव

**इटारसी, 22 अप्रैल.** जिलें में आदि गुरु शंकराचार्य जयंती महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया. दसनाम गोस्वामी समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं का संदेश दिया गया. कार्यक्रम की शुरुआत द्वारिकाधीश बड़े मंदिर से भव्य शोभायात्रा के साथ हुई, जो सराफा, नीमवाड़ा और जयस्तंभ चौक जैसे प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए ऑडिटोरियम पहुंची. इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए, जिससे पूरा शहर भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया.

ऑडिटोरियम में आदि गुरु शंकराचार्य के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन और आरती की गई.

**लापरवाही ▸ सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में खराब प्रदर्शन पर एसडीएम टिमरनी ने की कार्रवाई**

# तहसीलदार और नायब तहसीलदार का एक सप्ताह का वेतन रोका

- **नगरीय क्षेत्रों में प्लास्टिक के उपयोग पर प्रभावी रोक लगे**
- **खाली जमीनों पर कचरा फेंकने वालों पर जुर्माना**

**हरदा, 22 अप्रैल, जिले में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों के निराकरण में लापरवाही को लेकर सख्त रुख अपनाया है. समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में खराब प्रदर्शन पाए जाने पर एसडीएम टिमरनी, तहसीलदार और नायब तहसीलदार रहटगांव का एक सप्ताह का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए. साथ ही हरदा और खिरकिया जनपद पंचायतों के सीईओ के प्रदर्शन को भी असंतोषजनक माना गया.**



कलेक्टर ने कहा कि आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समय पर समाधान जरूरी है, अन्यथा प्रशासनिक जवाबदेही तय की जाएगी. उन्होंने अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत की गहराई से जांच कर समाधान करने की चेतावनी दी.

बैठक में जानकारी दी गई कि जिले को एक अतिरिक्त फायर ब्रिगेड की स्वीकृति मिल गई है. इसके अलावा नगरीय क्षेत्रों में प्लास्टिक उपयोग पर सख्त प्रतिबंध लगाने, खाली प्लाटों पर कचरा फेंकने वालों पर जुर्माना लगाने और बस स्टैंड पर छाया-पानी की व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए. स्ट्रीट वेंडर्स को डस्टबिन रखना अनिवार्य किया गया है तथा घरों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की जिम्मेदारी सीएमओ को दी गई है. स्कूलों की पानी टंकियों की नियमित सफाई और जनगणना 2027 के लिए स्वगणना को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया.

## ▸ हरदा जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार



**हरदा, 22 अप्रैल .** जिले में 'आधुनिक स्वास्थ्य और आधुनिक हरदा' की थीम पर स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की योजना बनाई गई है. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए. उन्होंने बताया कि जिले को आधुनिक तकनीक से लैस दो एम्बुलेंस और छह नई चिकित्सा मशीनें मिली हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होंगी. कलेक्टर ने जिला अस्पताल में स्मार्ट कैमरे लगाने और साफ-सफाई के लिए आधुनिक उपकरण खरीदने के निर्देश भी दिए. बैठक में गर्भवती महिलाओं की चार अनिवार्य जांचों की जानकारी पोर्टल पर अपडेट करने पर जोर दिया गया. साथ ही, एनीमिया से पीड़ित महिलाओं को आयरन सुक्रोज के डोज देने और गंभीर मामलों में ब्लड ट्रांसफ्यूजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. टीकाकरण डेटा समय पर अपलोड करने, आभा आईडी की समीक्षा करने और स्कूली बच्चों की आंखों की जांच कर मुफ्त चश्मा वितरण करने पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया.

# केंद्रीय जेल में महिलाओं के लिए कार्यक्रम



**▸ 15 दिवसीय मेहंदी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ**

**नर्मदापुरम, 22 अप्रैल.** केंद्रीय जेल में निरुद्ध महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है. मिशन शक्ति अंतर्गत हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वुमन योजना के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 15 दिवसीय मेहंदी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार से किया गया. यह प्रशिक्षण 6 मई 2026 तक संचालित होगा, जिसमें महिलाओं को मेहंदी कला का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि वे भविष्य में रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें.

कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त संचालक तृप्ति त्रिपाठी ने महिलाओं को प्रशिक्षण के महत्व, उसकी उपयोगिता और इससे मिलने वाले स्वरोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी. जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया ने विभागीय योजनाओं, महिला सशक्तिकरण और नारी शक्ति वंदन अभियान की जानकारी देकर महिलाओं को जागरूक किया.

जेल अधीक्षक संतोष सोलंकी ने बताया कि जेल में महिलाओं द्वारा स्व-सहायता समूहों के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जो उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहायक हैं. उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित किया. कार्यक्रम का संचालन वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक प्रतिभा बाजपेयी ने किया, जबकि अंत में जेल सहायक अधीक्षक हितेश बंडिया ने आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर जेल उप अधीक्षक प्रहलाद सिंह बरखड़े, ब्यूटीशियन नीलिमा बाथरे, परामर्शदात्री भागवती बिष्ट एवं केसवर्कर पूजा खरवार सहित अन्य उपस्थित रहे.